NT>

Title: Need to construct a new bridge on river Rapti at Km. 262 on National Highway No. 28 in Gorakhpur district, Uttar Pradesh.

योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर) : महोदय, उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में राट्रीय राजमार्ग संख्या 28 पर वर्ा 1964 में किमी 262 पर राप्ती नदी पर 9 स्पान का 410 मीटर लम्बा वैलेंस काण्टीलीवर सेतु बनाया गया था। 38 वर्ा बाद उक्त सेतु काफी जर्जर अवस्था में है जबकि यातायात का भार 1964 की तुलना में कई गुना बढ़ गया है। संकरा व कमजोर होने के कारण अब यह पुल भारी बोझ 40,000 पी.सी.यू. सहन करने की स्थिति में नही रह गया है। सेतु के सस्पैंडिड स्पेन की कुछ बेयरिंग भी झुक गई थी जिन्हें वर्ा 1999-2000 में मरम्मत किया गया है। बिहार, बंगाल, पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों के अलावा नेपाल जाने के लिए यह एक मात्र सेतु है। इसके अलावा गोरखपुर उत्तरी भारत का प्रमुख पर्यटन स्थल होने के कारण बड़ी मात्रा में पर्यटक आते हैं। राट्रीय राजमार्ग सं. 29 और रा.रा.मा. संख्या 28 का यातायात के लिए एक मात्र सेतु होने के कारण घंटों यातायात बाधित रहता है।

अत: मैं सदन के माध्यम से भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि गोरखपुर के राट्रीय मार्ग संख्या 28 के कि.मी. 262 में राप्ती नदी पर नये सेतु निर्माण का प्रावधान भूतल परिवहन मंत्रालय भारत सरकार की वार्िक योजना में सम्मिलित किया जाए।